DCA का श्रम नीति और मानक कार्यालय (OLPS) कामगारों के लिए शहरी सरकार में समर्पित आवाज़ है। OLPS को कमज़ोर कामगारों की सहायता करने का काम सौंपा गया है और यह प्रवासियों, अलग चमड़ी के रंग वाले लोगों और कार्यस्थल में महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हमारे आदेश को अपनाता है।

OLPS:

- मुख्य नगरपालिका कार्यस्थल कानून **लागू करता है**।
- मौलिक अनुसंधान, पहुँच और शिक्षा **संचालित करता है**।
- ऐसी नीतियाँ **विकसित करता है** जो न्यूयॉर्क नगर की विकसित हो रही अर्थव्यवस्था और कार्यबल के प्रति उन्मुख हों।

NYC Consumer Affairs

*NYC उपभोक्ता मामलों का विभाग (DCA) संपन्न समुदाय बनाने के लिए न्यूयॉर्क वासियों की रोजमर्रा की आर्थिक जिन्दगियों का संरक्षण करता और उसे बेहतर बनाता है। श्रम नीति एवं मानक के हमारे कार्यालय के काम के माध्यम से, DCA कामगार परिवारों को वित्तीय स्वास्थ्य और काम और जीवन में संतुलन प्राप्त करने के लिए उनकी जरूरत के उपकरण और संसाधन उपलब्ध करवाकर सशक्त बनाता है।*

Printed on 30% post consumer recycled paper

06/2017

## संसाधन

**नमूना अनुबंध**

DCA ने ऐसे आदर्श अनुबंध तैयार किए हैं जो कानून का अनुपालन करते हैं जिनकी काम पर रखने वाली पार्टियाँ और फ्रीलांस कामगार समीक्षा कर सकते हैं। *कृपया nyc.gov/dca पर जाएं।*

**छोटे व्यावसायिक संबंधी संसाधन**

सामान्य व्यावसायिक विनियमों के बारे में और अधिक जानने और अपने व्यवसाय की सहायता करने के लिए संसाधन देखने के लिए nyc.gov/business पर जाएं।

**फ्रीलांसर संसाधन**

नगर (City) पात्र व्यक्तियों को स्वास्थ्य बीमा, वित्तीय सलाह और टैक्स तैयारी सहित मुफ्त और कम लागत वाली सेवाएं प्रदान करता है। आप अपने फ्रीलांस कामगारों को nyc.gov/dca पर इन संसाधनों तक भेज सकते हैं।



# क्या आप फ्रीलांस कामगारों को काम पर रखते हैं?

## NYC कानून को जानें

हिंदी | Hindi

NYC Office of the Mayor

Consumer Affairs

Lorelei Salas
Commissioner

## यदि आप NYC में किसी फ्रीलांस कामगार को काम पर नियुक्त करते हैं, तो आप पर 15 मई, 2017 से लागू होने वाले "फ्रीलांस फ्री नहीं है अधिनियम" (Freelance Isn't Free Act) के अंतर्गत कानूनी ज़िम्मेदारियाँ हैं। यदि आपके कानून के बारे में प्रश्न हैं, तो आप उपभोक्ता मामलों का विभाग (Department of Consumer Affairs - DCA) के अंतर्गत श्रम नीति और मानक कार्यालय (Office of Labor Policy & Standards) से संपर्क कर सकते हैं।

DCA ने आपको महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियों और संसाधनों के बारे में सूचित करने के लिए इस संक्षिप्त विवरण को तैयार किया है।

अधिक जानकारी के लिए, **311 पर कॉल करें** और "Freelance Workers" (फ्रीलांस कामगार) के लिए पूछें या **nyc.gov/dca** पर जाएँ।

## "कवर्ड काम पर नियुक्त करने वाली पार्टी" कौन है?

कोई **काम पर नियुक्त करने वाली पार्टी** किसी सरकारी संगठन के सिवाए ऐसी कोई भी पार्टी है जो किसी फ्रीलांस कामगार को काम पर रखती है।

## "कवर्ड फ्रीलांस कामगार" कौन है?

"**फ्रीलांस कामगार**" मुआवज़े के लिए सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वतंत्र ठेकेदार के रूप में आप द्वारा काम पर नियुक्त किया गया या रखा गया कोई व्यक्ति है। फ्रीलांस कामगारों के सबसे आम कुछ उद्योगों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

- फिल्म और वीडियो
- ग्राफिक और वेब डिजाइन
- घर का ठेका लेना और मरम्मत
- मीडिया
- फोटोग्राफी
- अनुवाद

***अपवाद:***

निश्चित बिक्री प्रतिनिधि, वकील और लाइसेंसप्राप्त मेडिकल पेशेवर फ्रीलांस कामगार की परिभाषा से बाहर रखे गए हैं।

कानून किसी ऐसे सामूहिक सौदेबाज़ी करार के अंतर्गत किए गए कार्य पर सामान्यतया लागू नहीं होगा जो कामगारों को कर्मचारियों के रूप में परिभाषित करता है।

**कर्मचारी या स्वतंत्र ठेकेदार?**

कोई कामगार कानूनी रूप से "स्वतंत्र ठेकेदार" या "कर्मचारी" है या नहीं, यह बहुत से कारकों और आपकी कार्य व्यवस्था की प्रकृति पर निर्भर करता है। कृपया यह समझने में सहायता के लिए **nyc.gov/dca** संसाधनों पर जाएं कि क्या आप अपने कामगारों के लिए सही कार्य वर्गीकरण का उपयोग कर रहे हैं। यदि काम के वर्गीकरण के बारे में आपके प्रश्न हैं, तो आप **freelancer@dca.nyc.gov** पर DCA से भी संपर्क कर सकते हैं। **बहरहाल DCA कानूनी सलाह प्रदान नहीं करता।**

## आपकी ज़िम्मेदारियाँ

**कानून फ्रीलांस कामगारों को सम्मिलित करता है चाहे उनकी आप्रवास स्थिति कुछ भी हो।**

### लिखित अनुबंध



$800 या इससे अधिक के सभी अनुबंध अवश्य लिखित रूप में हों। इसमें आपके और फ्रीलांस कामगार के बीच ऐसे सभी करार सम्मिलित हैं जिनका योग 120 दिन की किसी अवधि में $800 हो। लिखित अनुबंधों में किए जाने वाले काम; काम के लिए वेतन; और भुगतान की तारीख का वर्णन अवश्य होना चाहिए। आपको और फ्रीलांस कामगार को अपने पास लिखित अनुबंधों की प्रति अवश्य रखनी चाहिए।

### समय पर भुगतान



आपको पूरे किए गए सारे काम के लिए फ्रीलांस कामगार को भुगतान अवश्य करना चाहिए। आपको अनुबंध में लिखी तारीख पर या उससे पहले भुगतान अवश्य करना चाहिए। यदि अनुबंध में भुगतान की तारीख सम्मिलित नहीं है, तो आपको काम पूरा होने के 30 दिनों के भीतर फ्रीलांस कामगार को भुगतान अवश्य करना चाहिए।

### कोई बदला नहीं



फ्रीलांस कामगारों को इसलिए दंडित करना, धमकाना या प्रतिबंधित करना गैर-कानूनी है क्योंकि उन्होंने अपने अधिकारों का प्रयोग किया था।

### शिकायतें




फ्रीलांस कामगार DCA के श्रम नीति और मानक कार्यालय (Office of Labor Policy & Standards) के यहाँ शिकायत दाखिल कर सकता है। यदि आपके विरुद्ध कोई शिकायत दाखिल की जाती है, तो DCA आपको सूचित करेगा। आपको 20 दिनों के भीतर शिकायत के नोटिस का लिखित में उत्तर देना होगा। यदि आप उत्तर नहीं देते हैं और यदि फ्रीलांस कामगार अदालत में दीवानी कार्रवाई (civil action) दाखिल कर देता है, तो जज यह मानेंगे कि आपने उल्लंघन किया था। *यदि आपके प्रश्न हैं, तो इन्हें freelancer@dca.nyc.gov. पर ईमेल करें।*

### दीवानी कार्रवाई



फ्रीलांस कामगार कानून के उल्लंघनों के लिए अदालत में दीवानी कार्रवाई दाखिल कर सकता है। यदि अदालत यह पाती है कि आपने कानून का उल्लंघन किया था, तो आप हर्जानों—देर से भुगतानों या गैर भुगतान के लिए दोहरा हर्जाना देने; बदले के लिए लिखित अनुबंध प्रदान करने में विफल रहने के लिए अतिरिक्त हर्जाने—और वकील की फीसें और मुकदमे की लागतें प्रदान करने के लिए ज़िम्मेदार हैं।